# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

दिनांक-30.10.2022

## चोरी की कुल 03 अदद मोटरसाइकिल व मो.सा. पार्ट्स के साथ बाल अपचारी समेत कुल 03 नफर शातिर अभियुक्त थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किये गये।

---------------------------------------------------------------------------------------------

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के पर्यवेक्षण मे चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु गठित थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 30.10.2022 को समय 06.00 बजे चन्द्रा चौराहे के पास मो.सा. सवार को रुकने का इशारा किया गया तो वह मो.सा. मोड़कर भागने लगा जिसे पुलिस टीम द्वारा घेरघार कर हिकमत अमली से हिरासत पुलिस में लिया गया। पकड़े गये युवक से नाम पता पूछा गया तो अपना नाम बताते हुए उम्र 15 वर्ष बताया भागने का कारण पूछा गया तो बताया कि यह मोटर साइकिल हमने दिनांक 23.10.2022 को खजुरी कालोनी थाना लालपुर क्षेत्र से चोरी किया है आज इस मोटर साईकिल को लेकर मैं अपने मित्र दीपक चौहान पुत्र सुख्खू चौहान निवासी रसूलगढ़ को बेचने के लिये जा रहा था जहाँ मैने पहले 2 और मोटर साइकिले चोरी करके बेचा है जिसकी निशांदेही पर रसूलगढ़ रेलवे क्रासिंग के पास से दीपक चौहान पुत्र सुख्खू चौहान नि0 रसूलगढ थाना सारनाथ वाराणसी तथा पंचम भारद्वाज पुत्र राम रतन भारद्वाज नि0 रसूलगढ थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी को चोरी की एक अदद स्प्लेन्डर प्लस व एक अदद एक्टिवा के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सारनाथ में मु.अ.स. 447/2022 धारा 411/413/414/420 भादवि पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### घटना का विवरण-

पूछताछ करने पर बाल अपचारी द्वारा बताया गया कि पिछले तीन महिने पहले मैं रामनगर से वाहन चोरी में छूटा हूँ, मैं अपने साथियों से मिलकर बनारस में भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रो से गाड़ी को चोरी करते हैं चोरी की गई गाड़ियो को रसूलगढ़ रेलवे क्रांसिग के पास गाडी रिपयेरिंग करने वाले मिस्त्री पंचम भारद्वाज के दुकान पर गाड़ियो के पार्टस बदलवा देते हैं जिससे पुलिस से पकड़े जाने का डर नही रहता है। इस काम में मेरा एक साथी दीपक चौहान सहयोग करता है तथा कुछ दिन पहले एक मोटरसाईकिल स्पेलेण्डर प्लस व एक एक्टिवा स्कूटी मुझसे खरीद कर पंचम भारद्वाज के दुकान पर खड़ी किया गया था ताकि कोई ग्राहक मिलने पर गाड़ियों के पुर्जे बदल दिये जाएं। बरामदशुदा गाड़ियों को कुछ दिन पूर्व ही सी0डी0 डीलक्स 110 को थाना लालपुर पाण्डेयपुर से तथा स्पेण्डर प्लस रंग ग्रे को थाना लंका से तथा स्कूटी को चेतगंज के जगतगंज से चुराये थे। इन गाड़ियो को दीपक चौहान ने पंचम भारद्वाज

मिस्त्री के पास पार्टस बदलने के लिये दिये थे, कुछ गाडियो को हमलोग चुराकर शहर में भ्रमण करते हैं, जहाँ पर तेल खत्म हो जाता है वही पर खड़ी कर देते हैं। कुछ दिन पहले दशाश्वमेघ से अपाची गाड़ी चुराकर शहर में घूमकर काल भैरव वाली गली में खड़ी कर दिये थे क्योकिं तेल खत्म हो गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1. दीपक चौहान पुत्र सुख्खू चौहान नि0 रसूलगढ थाना सारनाथ वाराणसी औसत उम्र 21 वर्ष।
2. पंचम भारद्वाज पुत्र राम रतन भारद्वाज नि0 रसूलगढ थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी औसत उम्र 24 वर्ष।
3. एक नफर बाल अपचारी उम्र 15 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-**

1. होण्डा एक्टिवा स्कूटी इंजन नं0 JC44E5379168 चेचिस नं0 ME4JC448EC7377445।
2. स्पेण्डर प्लस बरंग ग्रे जिसका रजिस्ट्रेशन नं0 UP65AA9088 का इंजन नं0 05D15M06089 व चेचिस नं0 05D16C05891
3. मोटर साइकिल नं0 UP 70 DP 4991 होण्डा सीडी 110 ड्रीम इंडन नं0 JC67E82068378 चेचिस नं0 ME4JC673JG8070067
4. मोटर साइकिल के कुछ खुले पार्टस।

**आपराधिक इतिहास बाल अपचारी-**

1. मु0अ0सं 0241/2022 धारा 379, 411 भादवि थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी
2. मु0अ0सं 0318/2022 धारा 379, 411 भादवि थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी
3. मु0अ0सं 0306/2022 धारा 379, 411 भादवि थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी
4. मु0अ0सं 0319/2022 धारा 379, 411 भादवि थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी
5. मु0अ0सं0 447/2022 धारा 411/413/414/420 भादवि थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी
6. मु0अ0सं0 315/2022 धारा 379 भादवि थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी

अन्य अपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक धर्मपाल सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी
2. उ0नि0 अखिलेश वर्मा थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी
3. उ0नि0 अजितेश चौधरी थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी,
4. हे0का0 रामबाबू थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी ,
5. हे0का0 रंजीत द्विवेदी थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी ,
6. का0 रामानन्द यादव थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी,
7. का0 मनोज सरोज थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरूणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी**